nt>

Title: Need to investigate the procurement of rice by Food Corporation of India and the department concerned of Uttar Prdesh Government.

श्री इलियास आज़मी अध्यक्ष महोदय, इस वर्ा उत्तर प्रदेश में चावल की खरीद भारत सरकार और राज्य सरकार के कर्मचारी मिलकर कर रहे हैं। चावल की खरीद राइस मिलर्स से की जाती है, किसानों से नहीं। यह बात ध्यान में रखने की है कि चावल की खरीद अमीर लोगों से, राइस मिलर्स से की जाती है। एफ.सी.आई. का उत्तर प्रदेश का जो मुखिया है और राज्य सरकार की एजेंसियां, सब ने एक ऐसा सिंडीकेट बना लिया है कि 70 रुपये बोरा सिर्फ रिश्वत में जा रहा है और उसके बदले घटिया चावल खरीद खरीदकर सारे गोदाम भरे जा रहे हैं, हजारों करोड़ रूपये की लूट हर साल हो रही है, इस साल बहुत ज्यादा बड़े पैमाने पर हो रही है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अब तक जितना चावल खरीदा गया है, केन्द्र से जांच टीम भेजकर चावल की क्वालिटी की जांच कराये और सारन से लेकर राज्य सरकार के कर्मचारी, फोर्थ क्लास के कर्मचारी भी चावल की खरीद में लगाये जाते हैं, वह लखपति करोड़पति हो जाते हैं। उनकी पूरी जांच कराकर इस रैकेट को समाप्त करायें ताकि जो पैसा मिलता है, वह किसानों को मिले, राइस मिलर्स और बड़े अधिकारी मिलकर किसानों की कमाई को न लूटें।

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : जो लोग खड़े हुए हैं, उन्हीं को टाइम मिल रहा है।â€¦ (व्यवधान)

13.00 hrs.

MR. SPEAKER: If you impute anything to the Chair, you are not doing justice to yourself either. Do not think you are very clever.